# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 10th



aglasem.com

Class : 10th
Subject : हिंदी
Chapter : 13
Chapter Name : मानवीय करुणा की दिव्य चमक

Q1 फ़ादर की उपस्थिति देवदार की छाया जैसी क्यों लगती थी?
Answer.
फ़ादर की उपस्थिति देवदार की छाया जैसे लगती थी क्योंकि उनकी आंखों में वात्सल्य तैरता रहता था। वह परिवार के किसी बड़े व्यक्ति की तरह सबको अपनी छत्रछाया प्रदान करते थे। उनके उत्सव में सम्मिलित होते थे और उन्हें आशीशों से भर देते थे।

Page :- 88 , Block Name :- प्रश्न अभ्यास

Q2 फ़ादर बुल्के भारतीय संस्कृति के एक अभिन्न अंग हैं, किस आधार पर ऐसा कहा गया है?
Answer.
फ़ादर बुल्के का जन्म बेल्जियम में हुआ था।पर एक सन्यासी के रूप में उन्होंने भारत को अपनी कर्मभूमि बनाया। फ़ादर बुल्के को भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है इसलिए कहा गया है क्योंकि वे यहां की संस्कृति में बस गए थे। उन्होंने अपनी बी.ए, एम.ए की पढ़ाई भी भारत में रहकर की तथा अपना शोध प्रबंध "रामकथा : उत्पत्ति और विकास" विषय पर लिखा वे सदा यह बात कहते थे अब भारत मेरा देश है।

Page :- 88 , Block Name :- प्रश्न अभ्यास

Q3 पाठ में आए उन प्रसंगों का उल्लेख कीजिए जिनसे फ़ादर बुल्के का हिंदी प्रेम प्रकट होता है?
Answer.
इलाहाबाद में फ़ादर बुल्के परिमल साहित्यिक संस्था से जुड़े थे।उन्होंने यहीं से हिंदी एम.ए किया और हिंदी शोध भी जिसका विषय रामकथा : उत्पत्ति और विकास था। फादर बुल्के ने एक नाटक (ब्लू बर्ड) नीलापक्षी भी हिंदी में अनुवाद किया था। फ़ादर बुल्के सेंट जेवियर्स कॉलेज में हिंदी तथा संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष हो गए। उन्होंने अंग्रेजी हिंदी कोष तथा बाइबिल का अनुवाद भी तैयार किया। फ़ादर बुल्के को हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में देखने की बड़ी चिंता थी।

Page :- 88 , Block Name :- प्रश्न अभ्यास

Q4 इस पाठ के आधार पर फ़ादर कामिल बुल्के की जो छवि उभरती है उसे अपने शब्दों में लिखिए।
Answer.

aglasem.com

फ़ादर कामिल बुल्के का व्यक्तित्व सात्विक तथा आत्मीय था। गोरा रंग सफेद झाई- भारतीय भूरी दाढ़ी, नीली आंखें उनकी प्रभावशाली पहचानती थे। वे वास्तव में प्रेम की मूर्ति थे। हमेशा एक मंद मुस्कान उनके चेहरे पर तैरती रहती थी भारत देश से उन्हें बहुत प्यार था।

Page :- 88 , Block Name :- प्रश्न अभ्यास

Q5 लेखक ने फ़ादर बुल्के को 'मानवीय करुणा की दिव्यचमक' क्यों कहा है?
Answer.
लेखक ने फ़ादर बुल्के को मानवीय करुणा की दिव्य चमक इसलिए कहा है क्योंकि फादर के हृदय में मानव के प्रति करुणा, ममता और आत्मीयता की भावना विद्यमान थी। वे लोगों को वात्सल्य तथा आशीशों से भर देते थे।उनके संवेदना भरे शब्द सबको धैर्य धारण करने में मदद करते थे।

Page :- 88 , Block Name :- प्रश्न अभ्यास

Q6 फ़ादर बुल्के ने संन्यासी की परंपरागत छवि से अलग एकनयी छवि प्रस्तुत की है, कैसे?
Answer.
सन्यासी की परंपरागत छवि ऐसी है कि वह घर संसार से अलग होकर भगवान को भजने में लगा रहता है। उसे सांसारिक वस्तुओं व लोगों के प्रति कोई अनुराग नहीं होता। वह समाज से अलग अपने आप में विलीन रहता है। अपने तथा अन्य लोगों के सुख-दुख से पूर्ण तरह अलग रहता है परंतु सन्यासी जीवन के परंपरागत गुणों से अलग फ़ादर बुल्के की छवि रही है। जैसे :- इन्होंने आम व्यक्ति की तरह जीवकांपार्जन नौकरी के माध्यम से किया। सभी से पारिवारिक संबंध बनाते। अपनी मां- बहन के प्रति अगाध प्रेम और कर्तव्यों के निर्माण की चिंताओं ने हमेशा सताती थी।

Page :- 88 , Block Name :- प्रश्न अभ्यास

Q7 आशय स्पष्ट कीजिए -
(क) नम आँखों को गिनना स्याही फैलाना है।
(ख) फ़ादर को याद करना एक उदास शांत संगीत कोसुनने जैसा है।
Answer.
(क) फ़ादर बुल्के की मृत्यु पर आंसू बहाने वालों की संख्या को गिनना संभव नहीं था। उस समय नम आंखों वाले व्यक्ति का नाम उल्लेख करना स्याही को व्यर्थ करने जैसा था। सभी फादर की मृत्यु से शोक में थे।
(ख) जिस प्रकार उदास शांत संगीत को सुनते समय हमारा मन गहरे दुख में डूब जाता है। वातावरण में शांति छा जाती है, ठीक वैसे ही दशा फ़ादर बुल्के को याद करते समय हो जाती है।

Page :- 88 , Block Name :- प्रश्न अभ्यास

Q8 आपके विचार से बुल्के ने भारत आने का मन क्यों बनाया होगा?

aglasem.com

Answer.
हमारे विचार से फ़ादर बुल्के भारत की संस्कृति तथा सभ्यता से प्रभावित हुए होंगे। इसी कारण उन्होंने भारत आने का मन बनाया होगा।

Page :- 89 , Block Name :- रचना और अभिव्यक्ति

Q9 'बहुत सुंदर है मेरी जन्मभूमि - रेम्सचैपल।' – इस पंक्तिमेंफ़ादर बुल्के की अपनी जन्मभूमि के प्रति कौन-सी भावनाएँ अभिव्यक्त होती हैं? आप अपनी जन्मभूमि के बारे में क्या सोचते हैं?
Answer.
इस पंक्ति में फ़ादर बुल्के की अपनी जन्मभूमि के प्रति प्रेम की भावना अभिव्यक्त होती है। उनके मन में अपने देश के प्रति असीम प्रेम था।

Page :- 89 , Block Name :- रचना और अभिव्यक्ति

Q10 मेरा देश भारत विषय पर 200 शब्दों का निबंध लिखिए।
Answer.
छात्र स्वयं करें।

Page :- 89 , Block Name :- भाषा अध्ययन

Q11 आपका मित्र हडसन एंड्री ऑस्ट्रेलिया में रहता है। उसे इर की गर्मी की छुट्टियों के दौरान भारत के पर्वतीय प्रदेशों के भ्रमण हेतु निमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।
Answer.
छात्र स्वयं करें।

Page :- 89 , Block Name :- भाषा अध्ययन

Q12 निम्नलिखित वाक्यों में समुच्चयबोध छाँटकर अलग लिखिए -
(क) तब भी जब वह इलाहाबाद में थे और तब भी जब वह दिल्ली आते थे।
(ख) माँ ने बचपन में ही घोषित कर दिया था कि लड़का हाथ से गया।
(ग) वे रिश्ता बनाते थे तो तोड़ते नहीं थे।
(घ) उनके मुख से सांत्वना के जादू भरे दो शब्द सुनना एक ऐसी रोशनी से भर देता था जो किसी गहरी तपस्या सेजनमती है।
(ङ) पिता और भाइयों के लिए बहुत लगाव मन में नहीं था लेकिन वो स्मृति में अकसर डूब जाते।
Answer.
(क) और
(ख) कि
(ग) तो
(घ) जो

aglasem.com

(ङ) लेकिन

Page :- 89 , Block Name :- भाषा अध्ययन

aglasem.com